**तेल और प्राकृतिक गैस निगम और भारतीय तेल निगम द्वारा परियोजनाओं को पूरा किये जाने में विलम्ब**

655. **श्री एस. एस. सुरजेवाला:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस निगम और भारतीय तेल निगम के अधीन मुख्य परियोजनाओं की लागत और समयावधि में अत्यधिक वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा होने में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(घ) इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिये क्या कदम उठाए गए हैं?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा):** (क) से (ग) ओ. एन. जी. सी. और आई. ओ. सी. द्वारा कार्यान्वयनाधीन 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं के संबंध में लागत और समयावधि में वृद्धि का ब्यौरा और विलंब के कारण संलग्न विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए)।

(घ) स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में विभिन्न स्तरों पर की जाती है तथा ध्यान में आए गतिरोधों को दूर करने के लिए कार्रवाई की जाती है। मंत्रालय में भी एक निगरानी प्रकोष्ठ है जो कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं की मासिक प्रगति की समीक्षा करता है। इसके अलावा इन परियोजनाओं पर मंत्रालय में आयोजित की जाने वाली त्रैमासिक कार्यनिष्पादन समीक्षा बैठकों में भी विचारविमर्श किया जाता है। तेल परियोजनाओं सहित केन्द्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा भी की जाती है।

**Foreign Equity of HFCL**

656. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the date on which the HFCL applied for a joint venture approval for a 41% foreign equity;

(b) the date on which this approval was sanctioned; and

(c) the chronology of the HFCL s shares sale to M/s. Bezec and M/s. Shinwatra to ensure 41% foreign equity in HFCL Benzec Ltd.?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) M/s. HFCL Bezeq Telecom. Ltd. applied for approval of foreign

## विवरण

**"ओ एन जी सी और आई ओ सी द्वारा परियोजनाओं को पूरा करने में हुए विलंब" के संबंध में ब्यौरा**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | लागत अनुमान अनुमोदित | लागत अनुमान अनुमानिक | लागत वृद्धि | पूर्णता अवधि अनुमोदित | पूर्णता अवधि अनुमानित | समय वृद्धि (महीने) | विलंब के कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लि.** | | | | | | | | |
| 1. | हजीरा में दूसरी बसीन हजीरा गैस ट्रंक पाइपलाइन और तटीय टर्मिनल सुविधाओं का विस्तार | 3271.03 | 2864.72 | – | 2/96 | 12/96 | 10 | – टर्मिनल विस्तार के लिए एक्जिम बैंक, जापान विश्व बैंक के साथ ऋण करार में विलंब<br>– पाइपलाइन 15.1.96 को चालू की गई। |
| **इंडियन आयल कार्पोरेशन लि.** | | | | | | | | |
| 2. | डिग्बोई रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना | 346.34 | 346.34 | – | 11/95 | 3/96 | 4 | – ठेकेदार द्वारा मैकेनिकल/ पाइपिंग कार्यों की सतत धीमी प्रगति |
| 3. | कांडला-भटिंडा उत्पाद पाइपलाइन | 2081.84 | 2081.84 | – | 5/95 | 5/96 | 12 | – संयुक्त कार्य ठेकेदार द्वारा धीमी प्रगति |
| 4. | के बी पी एल पाइपलाइन पर निकासी स्थल। | 310.00 | 310.00 | – | 5/95 | 5/96 | 12 | –तथैव– |